प्रथम खेलो इंडिया जनजाति खेल राष्ट्रीय प्रतियोगिता : छत्तीसगढ़ फुटबाल विमेंस टीम ने जीता गोल्ड

चर्चा में क्यों

12 जून, 2023 को ओडिशा के भुवनेश्वर में प्रथम खेलो इंडिया जनजाति खेल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ और झारखंड के विमेंस फुटबाल टीम के बीच खेले गए फाइनल मैच में छत्तीसगढ़ की टीम ने झारखंड को टायब्रेकर में 2-0 से हराकर गोल्ड मैडल अपने नाम कर लिया।

प्रमुख बिंदु

- फाइनल मुकाबले में दोनों टीमें ने मैदान में अपना पूरा दमखम दिखाया, लेकिन निर्धारित समय में दोनों ही टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं और मैच का परिणाम टायब्रेकर से निकला। टायब्रेकर में दोनों टीमों को पाँच-पाँच स्ट्रोक लगाने का मौका दिया गया।
- मैच में बालिका फुटबॉल अकादमी रायपुर में अभ्यासरत खिलाड़ी किरण पिस्दा ने टायब्रेकर में गोलकीपर की जिम्मेदारी निभाते हुए विरोधी टीम को गोल करने का एक भी मौका नहीं दिया। वहीं दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ टीम से टायब्रेकर में स्वयं किरण पिस्दा और बस्तर की मुस्कान ने 1-1 गोल कर गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया।
- इसके पहले 11 जून को छत्तीसगढ़ की विमेंस फुटबाल टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए विमेन फुटबॉल सेमीफाइनल में त्रिपुरा को 4-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। सेमीफाइनल में बालिका फुटबॉल एकेडमी रायपुर की खिलाड़ी किरण पिस्दा ने तीन गोल, जबकि बिस्तर की पिंकी कश्यप ने एक गोल किया था।
- गौरतलब है कि खेलो इंडिया जनजाति खेल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम का शानदार प्रदर्शन जारी है। प्रतियोगिता में आवासीय तीरंदाजी अकादमी बिलासपुर के कुबेर सिंह को 30 मीटर में सिल्वर मेडल मिला और वे ओवरऑल चैंपियनशिप में दूसरे पोजीशन में रहे। इसी तरह आवासीय एथलेटिक अकादमी बिलासपुर की खिलाड़ी कुमारी तर्निका टेटा ने 100 मीटर वीमेंस स्पर्धा में रजत पदक प्राप्त किया।
- उल्लेखनीय है कि भुवनेश्वर में आयोजित इस प्रतियोगिता में 18 राज्यों के 5000 एथलीट हिस्सा ले रहे हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/first-khelo-india-tribal-sports-national-competition-chhattisgarh-football-women-s-team-won-gold